# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाइट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411

## विद्या परिषद् की 19वीं बैठक दिनांक 16.10.2023 का कार्यवाही विवरण

विद्या परिषद् की 19वीं बैठक दिनांक 16.10.2023 को विश्वविद्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में दोपहर 12:30 बजे आयोजित हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. अनिल कुमार राय माननीय कुलपति | | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ प्रबोध श्रीवास्तव | (माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा नामित) | सदस्य |
| 3. | डॉ. पुष्पलता शर्मा | (राज्य सरकार द्वारा नामित) | सदस्य |
| 4. | डॉ. रवीन्द्र कुमार कटेवा | (राज्य सरकार द्वारा नामित)/उपकुलसचिव | सदस्य |
| 5. | श्री यशपाल | संकायाध्यक्ष, कला संकाय | सदस्य |
| 6. | डॉ. रणवीर सिंह | संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 7. | डॉ. पुष्पा चौधरी | संकायाध्यक्ष, समाज विज्ञान संकाय | सदस्य |
| 8. | डॉ. राकेश कुमार | संकायाध्यक्ष, शिक्षा संकाय | सदस्य |
| 9. | डॉ. भंवर लाल | संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय | सदस्य |
| 10. | श्री रामानन्द शर्मा | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, भौतिक विज्ञान | सदस्य |
| 11. | डॉ. राजवीर सिंह | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, रसायन विज्ञान | सदस्य |
| 12. | डॉ. नीना गुप्ता | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, जन्तु विज्ञान | सदस्य |
| 13. | श्री जगदीश प्रसाद सैनी | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, गणित | सदस्य |
| 14. | डॉ. मनोज कुमार | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, भूगोल | सदस्य |
| 15. | डॉ. अविनाश शर्मा | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, लोक प्रशासन | सदस्य |
| 16. | डॉ. मंजू लाडला | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, राजेनीति विज्ञान | सदस्य |
| 17. | डॉ. महेश गिठाला | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, समाज शास्त्र | सदस्य |
| 18. | डॉ. दीनदयाल गुप्ता | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, अंग्रेजी | सदस्य |
| 19. | डॉ. राजेन्द्र सिंह | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, हिन्दी | सदस्य |
| 20. | डॉ. मधु गढ़वाल | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, शिक्षा | सदस्य |
| 21. | डॉ. प्रेम परिहार | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, इएएफएम | सदस्य |
| 22. | डॉ सुरेश | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, एबीएसटी | सदस्य |
| 23. | डॉ रामनारायण झा | अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, संस्कृत | सदस्य |
| 24. | श्री राजवीर सिंह चौधरी | कुलसचिव | सदस्य सचिव |

उपरोक्त के अतिरिक्त प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा, नामनिर्देशिती श्री मनिष कुन्दना बैठक में ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव एवं विद्या परिषद के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त कुलपति महोदय का स्वागत किया। कुलपति महोदय ने उनके कार्यकाल की प्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का संक्षिप्त परिचय प्राप्त किया तथा पूर्व कुलपतियों द्वारा विश्वविद्यालय के विकास और अकादमिक उन्नयन में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ करने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया। विद्या परिषद् की बैठक में प्रस्तुत मदों (Agendas) पर विचार विमर्श उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गए:–

**Item Agenda (मद) 1** :– विद्या परिषद् की 18वीं बैठक दिनांक 25.07.2023 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन का प्रस्ताव।

**निर्णयः** विद्या परिषद् की 18वीं बैठक दिनांक 25.07.2023 के कार्यवृत्त (Minutes) की पुष्टि की गई।

**Item Agenda (मद) 2** :– विद्या परिषद् की 18वीं बैठक दिनांक 25.07.2023 में लिये गये निर्णयों की पालना प्रतिवेदन (ATR) के अनुमोदन का प्रस्ताव।

निर्णयः विद्या परिषद की 18वीं बैठक दिनांक 25.07.2023 में लिये गए निर्णयों के पालना प्रतिवेदन (ATR) का अनुमोदन किया गया।

**Item Agenda (मद) 3** :– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 (NEP-2020) के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में विभिन्न संकाय/विषयों हेतु सेमेस्टर प्रणाली के अनुसार पाठ्यचर्या (SYLLABUS) के निर्धारण के संबंध में विचार विमर्श एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव।

निर्णयः विस्तृत विचार विमर्श उपरान्त स्नातक स्तर पर विभिन्न संकायों यथा कला, विज्ञान, वाणिज्य, बी.बी.ए. एव बी.सी.ए. के विषयों से संबंधित अध्ययन मण्डलों द्वारा प्रस्तुत विषयवार पाठ्यचर्या का अनुमोदन किया गया। साथ ही **Ability Enhancement Course** के अन्तर्गत हिन्दी एवं अंग्रेजी की पढ़ाई एवं परीक्षा क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त विषयों के कोड आवंटित करने हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया गयाः–

1. श्री जगदीश प्रसाद सैनी, अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, गणित
2. डॉ. मधु गढ़वाल, अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल, शिक्षा
3. डॉ संजीव कुमार, सहायक कुलसचिव, परीक्षा

**Item Agenda (मद) 4** :– विश्वविद्यालय परिसर में आगामी सत्र 2024–25 से नए पाठ्यक्रम/विषय प्रारम्भ किये जाने तथा अन्य अकादमिक गतिविधियों के संबंध में विचार विमर्श करना एवं निर्णय लेना।

निर्णयः अकादमिक सत्र 2024–25 से नए पाठ्यक्रम/कार्यक्रम प्रारम्भ करने, आवश्यक आधारभूत संरचना विकसित करने, विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय को विकसित एवं अद्यतन करने तथा अन्य अकादमिक गतिविधियों के लिए अनुसंशा प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार समितियों का गठन किया गयाः–

**(i) शैक्षणिक विकास समिति (Academic Development Committee)**

1. **प्रो. जी. सी. जायसवाल** — **अध्यक्ष**
   (पूर्व कुलपति (फैजाबाद एवं पटना), अध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष, कॉमर्स / प्रबंधन संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)
2. **समस्त संकायाध्यक्ष** — **सदस्य**
   (पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर)
3. **प्रो. राजेश दूबे** — **सदस्य**
   (**निदेशक,** यूजीसी एचआरडीसी, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर)
4. **प्रो. संजय भारद्वाज** — **सदस्य**
   (अंतर्राष्ट्रीय राजनीति अध्ययन केंद्र, जे एन यू , दिल्ली)
5. **प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर** — **सदस्य**
   (अधिष्ठाता, शिक्षा शास्त्र विद्यापीठ, म. गां. अं. हिं. वि.वि., वर्धा )
6. **प्रो. अमिताभ श्रीवास्तव** — **सदस्य**
   (अध्यक्ष, संस्कृति एवं मीडिया अध्ययन विभाग, राजस्थान केंदीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़, अजमेर)
7. **डॉ. रविन्द्र कुमार कटेवा** — **सदस्य सचिव**
   (उप कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर)

**(ii) शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास तकनीकी समिति (Acad. Infrastructure Development Technical Committee)**

1. **प्रो. एन. सी. गौतम** — **अध्यक्ष**
   (पूर्व कुलपति (चित्रकूट एवं जौनपुर), महात्मा गाँधी ग्रामोदय चित्रकूट विश्वविद्यालय)
2. **प्रो. अखिलेश वर्मा** — **सदस्य**
   (रसायनशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)

3. **प्रो. संजय सिन्हा** सदस्य
(अधिष्ठाता, शैक्षणिक मामले, चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद)

4. **प्रो. मनु प्रताप सिंह** सदस्य
(निदेशक, कंप्यूटर विज्ञानं केंद्र, भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा)

5. **डॉ. रविन्द्र कुमार कटेवा** सदस्य सचिव
(उप कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर)

**(iii) पुस्तकालय विकास समिति (Library Development Committee)**

1. **डॉ. राजेश सिंह** अध्यक्ष
(विश्वविद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)

2. **डॉ. ऋषि तिवारी** सदस्य
(पुस्तकालयाध्यक्ष, एम . एन . आई . टी ., जयपुर)

3. **डॉ. आर. के. सिंह** सदस्य
(पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष, राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

4. **डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव,** सदस्य
(पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)

5. **डॉ. संजीव कुमार** सदस्य सचिव
(सहायक कुलसचिव/ पुस्तकालय प्रभारी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर)

विद्या परिषद् द्वारा उपरोक्त समितियों में किसी भी सदस्य/अध्यक्ष को हटाने/जोड़ने के लिये कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। उक्त समितियों द्वारा अपने कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं को चिन्हित कर विस्तृत रिपोर्ट/अनुशंसा विश्वविद्यालय में प्रस्तुत की जाएगी।

**Item Agenda (मद) 5** :– विश्वविद्यालय परीक्षाओं में पुनर्मूल्यांकन उपरान्त तृतीय परीक्षक से उत्तर–पुस्तिका मूल्यांकन के निर्णय पर पुनर्विचार का प्रस्ताव।

निर्णयः विस्तृत विचार–विमर्श उपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव का निम्नानुसार अनुमोदन किया गयाः–

1. पुर्नमूल्यांकन के उपरान्त प्राप्तांकों में 25 प्रतिशत तक अंकों में परिवर्तन (बढ़ोतरी/कमी) होने पर उन्हीं प्राप्तांकों के अनुसार परिणाम जारी किया जावे।
2. पुर्नमूल्यांकन के उपरान्त प्राप्तांकों में 25 प्रतिशत से अधिक अंतर (बढ़ोतरी/कमी) होने पर 25 प्रतिशत से अधिक (बढ़ोतरी/कमी) वाले प्राप्तांकों के औसत अंक 25 प्रतिशत प्राप्तांकों में जोड़ कर परिणाम जारी किया जावे।
3. उपरोक्त दोनों ही स्थिति में पुर्नमूल्यांकन में प्राप्तांक कम होने पर प्राप्तांकों को उस सीमा तक ही कम किया जाएगा कि परीक्षार्थी के मुख्य परीक्षा का परिणाम नकारात्मक रूप से प्रभावित न हो, अर्थात उच्च श्रेणी से निम्न श्रेणी एवं उत्तीर्ण से पूरक/अनुत्तीर्ण न हो।

उपरोक्त के अतिरिक्त किसी विद्यार्थी के प्राप्तांकों में पूर्णांक के 25 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने पर पुर्नमूल्यांकन शुल्क लौटाने का निर्णय यथावत रखा गया। साथ ही परीक्षको द्वारा उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन मे लापरवाही/त्रुटि किये जाने पर परीक्षकों के विरूद्ध कार्यवाही निर्धारण हेतु प्रस्तुत समिति की अनुशंसा दिनांक 06.10.2023 का अनुमोदन किया गया।

**Item Agenda (मद) 6** :– शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी प्रवेश नीति को अंगीकृत करने का प्रस्ताव।

निर्णयः शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी प्रवेश नीति को यथावत अंगीकृत किया गया।

**Item Agenda (मद) 7** :– "आपका विश्वविद्यालय, आपकी अपेक्षाएँ और आपका दायित्व" विषय पर स्थानीय प्रबुद्धजनों तथा संबद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधकों/प्राचार्यों के साथ संवाद सत्र का आयोजन किए जाने पर विचार विमर्श एवं निर्णय हेतु प्रस्ताव।

निर्णयः विश्वविद्यालय के उन्नयन हेतु समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों, सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबंधकों / प्राचार्यो से संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

**Item Agenda (मद) 8** :– अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयः–

निर्णयः (i) विद्या परिषद के माननीय सदस्य डॉ. रणवीर सिंह संकाय अध्यक्ष विज्ञान संकाय द्वारा स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजन के लिए आन्तिरक परीक्षकों को मानदेय भुगतान का प्रस्ताव रखा। विद्या परिषद के द्वारा विचार विमर्श अपरांत विभिन्न विषयों में स्वयंपाठी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजन के लिए आंतरिक परीक्षकों (Internal Examiners) को भी बाह्य परीक्षकों (External Examiners) के समान मानदेय भुगतान (सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित) का निर्णय लिया गया।

(ii) राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 को राजस्थान के सभी विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों में एक समान रूप से लागू करने के संबंध में प्रमुख सचिव, राज्यपाल राजस्थान के पत्र क्रमांक 5477 दिनांक 11.10.2023 के साथ प्राप्त अंतरिम रिपोर्ट के दिशा निर्देश को अंगीकृत करने तथा इस विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में लागू करने का निर्णय लिया गया।

(iii) पीएच.डी. प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी **UGC (Minimum Standards and Procedures for the award of Ph.D. Degree) Regulations, 2022** को अंगीकृत किया गया। साथ ही सैद्धांतिक परीक्षा एवं साक्षात्कार के अंको का अनुपात 70:30 रखते हुए साक्षात्कार के अंको(30 अंक) का विभाजन निम्नानुसार करने का निर्णय लिया :–

| Class/Level | Obtained Marks | Weightage |
|---|---|---|
| P.G. | 55.00 to 60.00 % | 4 Marks |
| | 60.01 to 65.00 % | 5 Marks |
| | 65.01 to 70.00 % | 6 Marks |
| | 70.01 and above | 7 Marks |
| | **(Max. – 7 Marks)** | |
| U.G. | 55.00 to 60.00 % | 2 Marks |
| | 60.01 to 65.00 % | 3 Marks |
| | 65.01 to 70.00 % | 4 Marks |
| | 70.01 and above | 5 Marks |
| | **(Max. – 5 Marks)** | |
| NET/SET/M.Phil (Anyone will be considered ) | **5 Marks** | |
| JRF* | **3 Marks** | |

*JRF Candidates will be awarded total 8 marks,i.e. 5 marks for NET and 3 marks for JRF.

अंत में अध्यक्ष महोदय एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

कुलसचिव